तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 25 मई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



## पिरदा-गब्दा व उफरा मार्ग जर्जर मरम्मत की ग्रामीण ने कलेक्टर और जिपं अध्यक्ष से की गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक बेरला क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिरदा, गब्दा व उफरा मार्ग जर्जर होने पर ग्रामीण मरम्मत के नाम पर कलेक्टर व जिला पंचायत अध्यक्ष से गुहार लगाई है। बता दें कि तहसील भिंभौरी के निकटवर्तीय क्षेत्र ग्राम पिरदा से गब्दा व उफरा जाने वाले मार्ग आज से पिछले 15 साल पहले सड़क की डामरीकरण निर्माण हुआ था जिसके बाद न ही मरम्मत हुए न ही नवनिर्माण के लिए कोई बजट बना। सड़क की दुर्दशा खराब होने के कारण ग्रामीण सालों से परेशान है। बारिश के दिनों और भी दयनीय परेशानियों को झेलना मजबूरी बन गए है। क्षेत्र में कई बड़े बड़े कंपनी होने के बाद भी अभी तक कोई विकास का रूप दिखाई नहीं दे रहे है। भिंभौरी तहसील क्षेत्र के इन ग्राम पंचायत पिरदा गब्दा व उफरा जाने वाले सड़क मार्ग जर्जर होने के बाद भी जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को कोई खबर तक नहीं होना सवाल उत्पन्न हो रहे है। सड़क में बड़े बड़े गड्ढे होने पर आवागमन करने वालें आये दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे है। साथ ही गब्दा-उफरा पहुंच मार्ग आज पर्यंत काली मिट्टी से निर्मित कच्ची सड़क है जिसमें बारिश में चार महिने पूर्णतः आवागमन बाधित रहता है। जिससे गब्दा-उफरा का संपर्क टुट जाता है। पिरदा गब्दा दुरी लगभग 2 किलोमिटर गब्दा-उफरा दुरी लगभग 2 किलोमीटर डामरीकरण की अत्यंत आवश्यकता है। उक्त सड़क निर्माण कार्य को कराने हेतु सार्थक प्रयास की आशा रखते हुए जिला बेमेतरा दण्डाधिकारी कलेक्टर रणबीर शर्मा व जिला पंचायत बेमेतरा अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी की समक्ष अपनी समस्या की सांझा करते हुए डामरीकरण व मरम्मत की मांग किया है। इस अवसर पर ग्रामीण खुबीराम परगनिहा, दुकालू निषाद, नेतराम वर्मा, गजेन्द्र निषाद, जनक निषाद, पोषण निषाद, संजय वर्मा, राजा वर्मा, मेघनाथ निषाद, मनीष पाठक, धनंजय निषाद, दिलीप वर्मा, गंगा निषाद, निलकमल सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

**कार्रवाई : पुलिस की लापरवाही उजागर, महकमे में मचा हड़कंप**

# थाना खम्हरिया थाने से दुष्कर्म का आरोपी हुआ फरार: 5 पुलिसकर्मी तत्काल सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के नवागढ़ ब्लॉक की सोनपुरी की लौह अभी ठंडी हुई नहीं ओर थाना खम्हरिया से एक गंभीर अपराध का आरोपी फरार हो गया, जिसने पूरे पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना 23 मई की रात की है, जब दुष्कर्म के आरोपी देवेन्द्र यादव पुलिस अभिरक्षा से भाग निकला। नवागढ़ के सोनपुरी के बाद इस घटना ने पुलिस प्रशासन को झकझोर कर रख दिया। आरोपी की फरारी की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रामकृष्ण साहू ने तत्काल कड़ी कार्रवाई करते हुए 5 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। यह घटना न केवल खम्हरिया थाना बल्कि पूरे बेमेतरा जिले की पुलिस व्यवस्था के लिए एक चेतावनी है। सवाल यह है कि क्या अब सुरक्षा व्यवस्था में वाकई सुधार होगा या फिर ऐसी घटनाएं फिर दोहराई जाएंगी?

■ एसएसपी रामकृष्ण साहू ने थाने का औचक निरीक्षण, 9 का तबादला, साख पर संकट

**आरोपी की पहचान और मामला-** फरार आरोपी की पहचान देवेन्द्र यादव, पिता रामलाल यादव, उम्र 32 वर्ष, निवासी देवरी (थाना चंदनू) के रूप में हुई है। उस पर दुष्कर्म का गंभीर आरोप है और वह खम्हरिया थाना की हिरासत में था।

**लापरवाही उजागर, निलंबन की फौरन कार्रवाई-** फरारी के बाद प्राथमिक जांच में सामने आया कि लॉकअप की निगरानी में गंभीर लापरवाही हुई है। एसएसपी ने बिना देरी किए निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, एएसआई भानुप्रताप पटेल, प्रधान आरक्षक कामता प्रसाद साहू, आरक्षक कुसुम लाल कोसले, और गौकरण मंडावी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

**एसएसपी ने थाने का औचक निरीक्षण-** निलंबन के बाद अगली सुबह एसएसपी रामकृष्ण साहू स्वयं 24 मई को खम्हरिया थाना पहुंचे। उन्होंने बंदीगृह, रिकॉर्ड रूम, कंप्यूटर कक्ष और थाने के अन्य विभागों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई खामियां सामने आईं—लॉकअप के बाहर पर्याप्त निगरानी नहीं थी, सीसीटीवी कवरेज सीमित था और ड्यूटी पर तैनात कर्मियों में समन्वय की कमी पाई गई। एसएसपी ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई और सख्त शब्दों में कहा कि बंदी की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थाने की कार्यप्रणाली में अनुशासन और सतर्कता जरूरी है।

### आरोपी देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 5000 रुपए के इनाम की घोषणा की



**9 का तबादला नया थाना प्रभारी**

इस लापरवाही के मद्देनजर 9 अन्य पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण किया गया है। साथ ही, निलंबित निरीक्षक की जगह एएसआई द्वारिका देशलहरे को नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है।

**फरार आरोपी पर इनाम, जनता से सहयोग की अपील**

फरार आरोपी देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 5000 रुपए के इनाम की घोषणा की है। पुलिस ने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि सूचना देने वाले का नाम और पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। इसके पूर्व नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम सोनपुरी में मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास सफल नहीं होने पर हत्या कर देने वाले आरोपी पर 30 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

**जिलेभर में लॉकअप व्यवस्था की समीक्षा शुरू**

घटना के बाद जिला स्तर पर सभी थानों की सुरक्षा व्यवस्था और लॉकअप निगरानी प्रणाली की समीक्षा शुरू कर दी गई है। सभी एसएचओ और अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने थानों में सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता दें और नियमित निरीक्षण करें। इस निरीक्षण में एएसपी ज्योति सिंह, एसडीओपी मनोज तिर्की और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## नारायण निषाद छत्तीसगढ़ की लोक रामायण विधा को ले जाएंगे फिजी



**बेमेतरा/नवागढ़।** विकासखंड नवागढ़ के ग्राम कटई निवासी लोक कलाकार नारायण निषाद एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति का परचम लहराने जा रहे हैं। वे 25 मई से 7 जून 2025 तक सिंगापुर के फिजी देश में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय रामायण व रामलीला महोत्सव में भाग लेंगे। यह कार्यक्रम साहित्यिक-सांस्कृतिक शोध संस्थान, मुंबई के तत्वावधान में आयोजित होगा, जिसमें नारायण निषाद छत्तीसगढ़ की लोक रामायण विधा पर आधारित गायन एवं वादन के माध्यम से प्रस्तुति देंगे। वे फिजी के दस जिलों में रामकथा के विभिन्न प्रसंगों को लोकभाषा की मिठास में पिरोकर प्रस्तुत करेंगे। नारायण निषाद इससे पहले भी तीन बार दुबई में अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक आयोजनों में भाग ले चुके हैं। उनके इस चयन पर नवागढ़ अंचल में खुशी की लहर है। गृह ग्राम के कलाप्रेमियों एवं सहयोगियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। इनमें कलाराम निषाद, हनुमान प्रसाद तिवारी, तुलसीराम वर्मा, भागवत निर्मलकर, डॉ. रामसनेही वर्मा, उमाशंकर वर्मा, अशोक वर्मा, रविशंकर लोहार, दिलीप जायसवाल, नरेन्द्र जायसवाल, महेश साहू, रामकुमार साहू, गणपत सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश वर्मा, डुम्मन सिंह साहू, हेमलाल निषाद, छत्रपाल वर्मा, सेवक राम वर्मा, अनिल रजक, पप्पू सेन आदि शामिल हैं। जानकारी ललित सिंह ठाकुर ने दी।

## पंख खेल पुरस्कार के लिए कोमल का चयन



**बेमेतरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा की कक्षा 9वीं की छात्रा कोमल पाटिल का चयन 'पंख खेल उपलब्धि पुरस्कार 2025' के लिए हुआ है। कोमल एक प्रतिभाशाली सॉफ्टबॉल खिलाड़ी हैं और उन्होंने जिले तथा राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह सम्मान अर्जित किया है। जेवरा ग्राम को सॉफ्टबॉल की नर्सरी कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी, क्योंकि यहां से हर वर्ष कई मेडल विजेता खिलाड़ी निकलते हैं। इस गौरवपूर्ण परंपरा के पीछे विद्यालय के व्यायाम शिक्षक एवं कोच मृत्युंजय शर्मा का अथक योगदान है। कोमल पाटिल ने कबीरधाम और औरंगाबाद में आयोजित दो स्कूल नेशनल प्रतियोगिताओं में भाग लिया और एक स्वर्ण पदक भी जीता। साथ ही उन्होंने सब जूनियर ओपन नेशनल टूर्नामेंट में भी अपनी सहभागिता दर्ज करवाई। वे जेवरा ग्राम के किसान केजराम पाटिल की पुत्री हैं। जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कोमल को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, जिला खेल अधिकारी ने भी कोमल को बधाई दी और उनके खेल जीवन की सराहना की।

## आत्मानंद स्कूल की कार्यशाला में बच्चों को सुनने, बोलने व समझने की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम हाईस्कूल देवरबीजा मे मे रखा गया है। कार्यशाला का सुप्रारंभ जोन प्रभारी भगवान सिंह राजपूत के द्वारा किया गया। कार्यशाला में 60 शिक्षण उपस्थित हुए बच्चों को कविता से कैसे कहानी बनाए । बोलना,सुनना,और समझना है इससे बच्चों को किस प्रकार आकर्षित किया जाय कविता के माध्यम से शिक्षकों के द्वारा गतिविधि करते बताया संकुल प्राचार्य बीरेंद्र देवांगन सर जी के द्वारा भी शिक्षकों को कार्यशाला पर संबोधित करते हुए कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के द्वारा बहुत ही रोचक पूर्ण ढंग से सिखाते है बच्चों को पढ़ाना ,सीखना और अपने स्कूल के लागू करना है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से मोनिका मैडम ने हिंदी पर चर्चा ▶▶|शेष पेज 10 पर

## बेसहारा बच्चों की पहचान के लिए साथी समिति का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित /"साथी/" अभियान के तहत पहचान और गरिमा, आधार पंजीकरण और निराश्रित बच्चों का कानूनी सशक्तिकरण के संबंध में साथी समिति का गठन किया गया। बृजेन्द्र कुमार शास्त्री प्रधान जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन व निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा साथी समिति के क्रियान्वयन हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि नालसा द्वारा देशभर में बेसहारा बच्चों की पहचान करना और उन्हें आधार नामांकन, कानूनी सहायता ▶▶|शेष पेज 10 पर



## शिक्षक संघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष बने खुटियारे

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई बैठक सम्पन्न हुई । जिसमें संघ के जिला इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष सर्वसम्मति से जी एल खुटियारे को बनाया गया इसके अलावा बैठक में प्राचार्य पद पर पदोन्नति, युक्तियुक्त करण, शिक्षकों की वर्तमान समस्या, देय तिथि से महंगाई भत्ता, लोकसभा चुनाव 2024 का ग्रीष्मकालीन अवकाश का अतिरिक्त अर्जित अवकाश जोड़ने सहित सहायक शिक्षक एल बी का भविष्य निधि की राशि प्रथम नियुक्ति तिथि से प्रदान किए जाने एवं आरएमएसए हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी की शालाओं में सफाई कर्मचारी, चपरासी व सहायक ग्रेड 2 एवं 3 की नियुक्त की मांग किए जाने ▶▶|शेष पेज 10 पर

## जिला चिकित्सालय में गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



भारत सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान जिला चिकित्सालय में आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम है मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम वाले लक्षणों की पहचान कर विशेषज्ञ व ।प्रशिक्षित चिकित्सकों से गुणवत्तापूर्ण संपूर्ण प्रबंधन सुनिश्चित करना है जिससे राज्य में मातृ मृत्यु अनुपात को कम किया जा सके । इसलिए प्रत्येक माह की 09 एवं 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्य अभियान दिवस प्रत्येक जिलों के जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा चिन्हांकित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित किया जाता है।

शनिवार जिला चिकित्सालय में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस में मॉनिटरिंग एवं सर्पोटीव सुपरविजन हेतु राज्य से उपसंचालक डॉ खेमराज सोनवानी एवं प्रोग्राम मैनेजर आनंद कुमार साहू ने निरीक्षण किया। निरीक्षण तहत गर्भवती महिलाओं को प्रदाय करने वाली सुविधा का जायजा सीधे उपस्थित गर्भवती महिलाओं से बातचीत ▶▶|शेष पेज 10 पर



